http://www.mpboardonline.com

कुल प्रश्नों की संख्या :–28

कुल पृष्ठों की संख्या :–04

प्री.बोर्ड परीक्षा 2019–2020
कक्षा–10 वीं
विषय :– हिन्दी सामान्य

समय–3 घंण्टे

पूर्णांक :–100

1.सही विकल्प का चयन कीजिए – 1X 5=5

(i) 'रघुपति के चरण – कमल में कवि बसना चाहते है –
(अ) सूरदास (ब) तुलसीदास (स) रसखान (द) रैदास

(ii) 'कर्मवीर ' जंगलों में भी रचा देते हैं –
(अ) महा –मंगल (ब) मेहंदी (स) मजाक (द) रास

(iii) गुरू नानक यात्रा करते–करते एक बढ़ई के घर ठहरे –
(अ) अंगदनाम के (ब) लालो नाम के (स) शेरा नाम के (द) भागो नाम के

(iv) 'अट्टालिका ' का तद्भव शब्द है –
(अ) अट्टाहास (ब) अटल (स) अटपटा (द) अटारी

(v) वाक्य के पूरा होने पर अंत में इस चिहन का प्रयोग किया जाता है –
(अ) पूर्ण विराम (ब) अल्प विराम (स) अर्द्ध विराम (द) उप विराम

**2. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :–** 1X 5=5

(i) मगध के सेनापति का नाम............................ था। (गोपाल/राजेश)

(ii) ..................................कश्मीर की जान है। ( डलझील/नंद झील )

(iii) ''एक चादर साँझ ने ...............................पर डाल दी । ( गांव वालो पर/ सारे नगर )

(iv) 'अनास्था' का विलोम शब्द...................है। ( आस्था/विश्वास )

(v) 'जिसका पता न हो ' उसे..............कहते है। ( अज्ञात/ अतिथि )

**3- सत्य/असत्य का चयन कर लिखिए :–** 1X 5=5

(i) तुम्हारी विरासत ' का काव्य स्वर आस्थावादी है।

(ii) मीराबाई का रातरतन धन खर्च हो जाता है।

(iii) 'कुटुम्ब' एक महान वृक्ष है। छोटी बड़ी सभी डालियाँ उसकी छाया को बढ़ाती है''।

(iv) रचना के आधार पर वाक्य आठ प्रकार के होते हैं।

(v) 'कमल' का एक पर्यायवाची 'पंकज'है।

**4. सही जोड़ी बनाइये :–** 1X 5=5

| | |
|---|---|
| (i) भारत का मुकुट | (a) हरी हुई |
| (ii) एक अंक की रचना | (b) अम्ल रोग का खात्मा |
| (iii) मुरझाई धरती | (c) महावीर प्रसाद द्विवेदी |
| (iv) ठहाकों भरी हँसी से | (d) दुष्यंत कुमार |
| (v) सरस्वती पत्रिका के संपादक | (e) हिमालय |
| | (f)एकांकी |

**5. एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।** 1X 5=5

(i) सन्नाटा कविता में बल्ब को क्या कहा गया है ?

(ii) ''कर्मयोगी '' नामक पत्र का संपादन किसने किया ?

(iii) सन् 1932 में महामना मालवीय जी ने प्रयाग में कौन सा सम्मेलन बुलाया था

(iv) भोजन + आलय = की संधि का नाम लिखिए

(v) समास की परिभाषा लिखिए ।



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

6. लेखक वासुदेव शरण अग्रवाल के अनुसार धर्म का मथा हुआ सार क्या है ? 2

अथवा

अमिता के किस उत्तर ने अशोक का हृदय परिवर्तन कर दिया ?

7. समय के संबंध में अंग्रेजी की मशहूर कहावत कौन सी है ? लिखिए 2

अथवा

स्वभाव से साधु कौन होते है ? लिखिए ।

8. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार निबंध की परिभाषा लिखिए ? 2

अथवा

कहानी के तत्वों के नाम लिखिए ।

9. संस्मरण एवं रेखाचित्र में कोई दो अंतर लिखिए। 2

अथवा

कहानी एवं उपन्यास में कोई दो अंतर लिखिए

10. स्वर संधि के पांच भेदों के नाम लिखिए।? 2

अथवा

समास के छ : भेदों के नाम लिखिए ।

11. देशज शब्द किन शब्दों को कहते है कोई दो कोई दो उदाहरण लिखिए । 2

अथवा

अंग्रेजी से आगत कोई 4 शब्द लिखिए ?

12. निम्नलिखित शब्दों के दो दो पर्यायवाची शब्द लिखिए – 2

सूर्य ,उद्यान

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के मानक रूप लिखिए –

यद्यपि , हमारो

13. वाक्यांशों के लिए एक–एक शब्द लिखिए– 2

1. जिसके बराबर दूसरा ना हो
2. जो मीठी वाणी बोलता हो

अथवा

योजन चिह्न का प्रयोग करते हुए कोई दो शब्द लिखिए ।

14. मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए – 2

कमर कसना , गज भर की छाती होना

अथवा

लोकोक्ति किसे कहते है लिखिए ?

15. अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कर लिखिए – 2

1. वह दुकानदार के पास जाओ
2. कश्मीर मे कई दर्शनीय स्थल देखने योग्य है

16. मीराबाई के अनुसार होली में अंबर कैसा हो गया है ? 3

अथवा

कविता 'शबरी' में स्वागत का सुविधान से क्या आशय है ?

17. कवि दुष्यंत कुमार जी ने आदमी की पीर की तुलना किस– किससे की है ? 3

अथवा

वर्षा के आगमन से धरती में होने वाले कोई तीन परिवर्तन "बरखा गीत" कविता के आधार पर लिखिए ?

18. कवियत्री उषा वर्मा अंधेरे से क्या छीनकर लाई है ? 3

अथवा

पंडित रामनरेश त्रिपाठी ने भारत देश की कौन–कौन सी विशेषताएं बताई हैं ? कोई तीन विशेषताएं लिखिए ।

19. बंग– भंग आंदोलन का अरविंद के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा ? 3

अथवा

धन और जीवन को क्षण भंगुर क्यों कहा गया है ?

20. माटीवाली के चरित्र की कोई तीन विशेषताएं लिखिए । 3

अथवा

सम्राट अशोक ने अमिता के सामने कौन–कौन सी प्रतिज्ञा की प्रतिज्ञा लिखिए



http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

21. सूखी डाली एकांकी में "बरामदा" किसका सम्मेलन स्थल है तथा क्या काम में आता है ? 3

अथवा

खुलकर हंसने से होने वाले कोई तीन लाभ लिखिए।

22. महावीर प्रसाद द्विवेदी जी ने अपने लिए कौन से चार सिद्धांत या आदर्श निश्चित किए ?लिखिए 4

अथवा

"संस्कृति" से डॉ. अग्रवाल का क्या आशय है तथा 'संस्कृति जीवन के लिए क्यों आवश्यक है'लिखिए ।

23. कवि तुलसीदास जी को अपनी इंद्रियों पर हंसी क्यों आती है लिखिए । 4

अथवा

कवि दुष्यंतकुमार को किस आधार पर लोकप्रियता प्राप्त हुई है । उन्हें दुःख में भी आशा की किरण दिखाई दे रही है कहाँ.कहाँ पर दिखाई दे रही है ?

24. पद्यांश की सन्दर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए – 4

फागुन के दिन चार रहे होली खेल मना रे।
बिनि करताल परवावज बाजै, अणहद कीझणकाररे।
बिनि सुर राग छतीसूँ गावै ,रोम–रोम रंग साररे।
सील संतोख की केसर घोली , प्रेम प्रीति पिचकार रे।

अथवा

मन–मोहिनी प्रकृति की जो गोद में बसा है ,
सुख स्वर्ग सा जहाँ है वह देश कौन सा है ? 5

25. अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

भाव और विचार मिलकर ही जीवन मूल्यों के रचना करते हैं । व्यक्ति और समाज के बीच जीवन मूल्य संतुलन स्थापित करते हुए ही ,व्यक्ति तथा समाज के संबंधित में सहायक होते हैं दया, करुणा, क्षमा जैसे गुणों से मानवता का विस्तार होता है । शक्ति और शील जैसे गुणों से व्यक्ति चेतना का विकास होता है। http://www.mpboardonline.com

i. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

ii. जीवन मूल्यों की रचना कौन करते हैं ?

ii. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

26. अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 5

निर्झर कहता है "बढ़े चलो"
तुम पीछे मत देखो मुड़कर ।
यौवन कहता है– "बढ़ चलो"
सोचो मत होगा क्या चलकर।
चलना है केवल चलना है ।
जीवन चलता ही रहता है मर जाना है
रुक जाना ही रहता है

i. उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

ii. निर्झर झरकर क्या कहता है ?

iii. यौवन क्या कह रहा है ?

iv. 'पीछे' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

27. ग्रीष्मावकाश मे भ्रमण पर जाने की योजना बनाते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए। 5

अथवा

ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए जिलाधीश को एक पत्र लिखिए ।

28. किसी एक विषय परनिबंध लिखिए – 7

I. पर्यावरण प्रदूषण रोकथाम

ii. बालिका शिक्षा

iii. पुस्तकालय

iv. खेलों का जीवन मे महत्व

v. साहित्य और समाज

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

अथवा

(ब ) किसी एक विषय पर रूप रेखा लिखिए –

i. विद्यार्थी और अनुशासन

ii. कम्प्यूटर शिक्षा

iii. समाचार पत्र

iv. स्वच्छ भारत : स्वस्थ भारत।

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भैजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

http://www.mpboardonline.com